# धनु राशि फल वर्ष २०२६

**धनु राशि :** वर्षारम्भ से शनि के मीन राशि का गोचर प्रशस्त नही है। विरोधियो का वर्चस्व रहेगा। स्थान परिवर्तन होगा। दाम्पत्य तथा पारिवारिक जीवन में वियोग होगा। आर्थिक संकट बनेगा। धन हानि होगी। शरीर रोगग्रस्त रहेगा। गुरु का गोचर शासकीय मान सम्मान देगा परन्तु राजकर्मियो से अनबन होगी। कार्यो में सफलता मिलेगी। आरोग्य उत्तम रहेगा। बुद्धि चातुर्य देखते ही बनेगा। अनेक प्रकार के सुखो का योग रहेगा। विवाह आदि उत्सवो का आंनद मिलेगा। शुभ कार्य के लिये यात्रा होगी। दाम्पत्य जीवन तथा सन्तान सुख मिलेगा तथापि मन चिन्तित रहेगा। किसी वस्तु की चौरी अथवा हानि होगी। धन होते हुए भी धन की कमी अनुभव होगी। कैश फ्लो गड़बड़ायेगा। सन्तान तथा समबन्धियो से मनमुटाव होगा। सुख में कमी आयेगी। 02 जून से कर्क से गुरु के गोचर में मन शोकग्रस्त रहेगा। रोगो से पीड़ित होने से शरीर की कांति नष्ट होगी। वाणी में कठोरता आयेगी, बात बात पर क्रोधित होगे। चोरो – तस्करो से हानि होगी। अग्निकांड़ से नुकसान होगा। राजकीय भय रहेगा। शासन –सत्ता (की) से हानि होगी। पद – प्रतिष्ठा दांव पर रहेगी। यात्राओ में थकावट से कष्ट होगा। 31 अक्तूबर मध्यान्ह से सिंह से गुरु का गोचर आर्थिक उन्नति देगा। दाम्पत्य एवं पारिवारिक जीवन का सुख रहेगा। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। विचारशीलता गुण बनेगी। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। नया भवन मिलेगा।

**जनवरी :** आर्थिक लाभ मिलेगा। पारिवारिक सुख सोहार्द्र का आनन्द रहेगा। श्वेत खाद्य पदार्थो, चावल, दूध आदि के व्यापारी लाभ में रहेगे। पढ़ाई में मन लगेगा। शिक्षा में अपेक्षित प्रगति होगी। परिश्रम के अनुरुप परिणाम प्राप्त होगा। दुष्ट व्यक्तियो का साथ छूटेगा। सत्कर्मो में रुचि बनेगी। कार्यो में सफलता का मानसिक संतोष रहेगा। राजकीय सहायता, स्टाईपेन्ड अथवा सबसिडी मिलेगी। आंखो की पीड़ा से छुटकारा मिलेगा। उधार वसूल होगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। सुखोपभोग की वस्तुओ का संग्रह होगा। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा।

शुभ दिन : 02, 11, 16, 18, 21, 27, 29, 31

अशुभ दिन : 04, 06, 08, 13, 23, 25,

**फरवरी :** प्रतिष्ठित व्यक्तियो से सम्पर्क बनेगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। पुत्र तथा मित्रो से धन लाभ होगा। विरोधी पराजित होगे। नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा।

VYAS PANCHANG

सद्व्यवहार से कार्यो में सफलता प्राप्त करेगे। आरोग्य उत्तम रहेगा। विरोधी पराजित होगे। परिश्रम का फल मिलेगा। सफलता का आनन्द रहेगा। प्रशासनिक कर्मियो से सहायता मिलेगी। तार्किक क्षमता का लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। धातुओ के व्यापार से लाभ होगा।

शुभ दिन : 05, 07, 12, 15, 17, 23, 26, 28

अशुभ दिन : 02, 10, 19, 21,

**मार्च:** घर परिवार में झगड़े झंझटो के कारण सुख शांति का अभाव रहेगा। समय कुसमय का खानपान होगा। सुख ऐश्वर्य में कमी तथा व्यसनो से लगाव रहेगा। यात्राओ में असुविधा होगी। भू-सम्पत्ति के मामलो में विघ्न बाधाऐ आयेगी। दाम्पत्य जीवन में जीवन साथी से मतभेद होगे। रोगो का प्रकोप होगा। मानहानि होगी। सहयोगियो के कारण अवरोध बनेगे। मानसिक तथा शारीरिक अस्वस्थता रहेगी। 26 मार्च से अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। आय के नये साधन मिलेगे। प्रेमी युगलो में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओ में सफलता मिलेगी।

शुभ दिन : 04, 06, 11, 16, 23, 25, 31

अशुभ दिन : 02, 09, 14, 18, 21, 27, 29,

**अप्रैल:** विरोधियो का बोलबाला रहेगा। आर्थिक तंगी रहेगी। दैनिक उपभोग की वस्तुओ में भी कमी आयेगी। पारिवारिक समस्याओ के कारण बन्धु बान्धवो से विरोध रहेगा। अवैधानिक तथा असामाजिक कार्यो में रुचि होगी। मानसिक रुप से स्वयं को असहाय अनुभव करेगे। अपच, छाती के रोग अथवा ज्वर से पीड़ित होगे। स्थान परिवर्तन होगा। भूमि-भवन तथा स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी समस्याये उत्पन्न होगी। माता अथवा मातृतुल्य महिलाओ को कष्ट रहेगा। 14 अप्रैल से भ्रम की स्थिति बनेगी। शारीरिक तथा मानसिक शक्ति का ह्रास होगा। हितेषियो से असुविधा होगा। स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा। अधिकारियो से विवाद होगा। यात्राओ में दुर्घटना का भय बनेगा।

शुभ दिन : 03, 13, 21, 25, 28,

अशुभ दिन : 05, 08, 10, 15, 17, 19, 23, 30

**मई :** आय में कमी से आर्थिक स्थिति में कमजोर होगी। कुसमय के भोजन से पाचन सम्बन्धी रोग होगे। शत्रुओ से कष्ट रहेगा। विरोधी पक्ष प्रबल होगा। अनुचित इच्छाओ तथा आंकाक्षाओ के विचार बनेगे। अवैधानिक तथा असामाजिक कार्यो में रुचि होगी। वैचारिक मतभेदो के कारण विग्रह तथा झंझटो का वातावरण बनेगा। मानसिक

प्रताड़ना मिलेगी। सफलता कठिनता से मिलेगी। जीवन साथी से विवाद होगे तथा उनके रोगग्रसत होने की सम्भावना रहेगी। स्वयं भी जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग से पीड़ित होगे। किसी प्रिय वस्तु की हानि से शोक की स्थिति बनेगी। महिलाओ के कारण हानि, शोक तथा अपमान की स्थिति बनेगी।

शुभ दिन : 10, 12, 18, 20, 23, 25,

अशुभ दिन : 03, 05, 08, 14, 16, 27, 30

जून: व्यवसायिक बाधाओ का सामना करना पड़ेगा। यात्राओ से थकान होगी, निर्बलता आयेगी। परिवार से मतभेद एवं विवाद होगे। जीवन साथी से वैमनस्य रहेगा। सन्तान रोग पीड़ित होगी। कार्यो में अपेक्षित सफलता का अभाव रहेगा। धन तथा मान हानि से मन में क्लेश रहेगा। 22 जून से परिस्थिति बदलेगी। नवीन साधनो से लाभ मिलेगा। धनागमन उत्तम रहेगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। कोर्ट कचहरी में सफलता मिलेगी। विवादो का अन्त होगा। शिक्षा में रुचि रहेगी। इण्टरव्यूज तथा विभागीय परीक्षाओं में सफल होगे।

शुभ दिन : 06, 09, 21, 29

अशुभ दिन : 01, 04, 11, 13, 15, 17, 19, 24, 26

**जुलाई:** शासकीय कारणो से भाग्योन्नति में बाधा आयेगी। किसी प्रिय वस्तु के खोने अथवा अवसर हाथ से निकलने का कष्ट होगा। अपेक्षाकृत कम लाभ होगा। लम्बी दूरी की यात्राये निरस्त होगी। 07 जुलाई से आर्थिक स्थिति कठिन रहेगी. दाम्पत्य जीवन में विवाद होगे। वैचारिक मतभेद रहेगे। शरीर में शिथिलता आयेगी। यात्राओ तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ न मिलने से मन चिंताग्रस्त रहेगा। 16 जुलाई से कृत कार्यो का लाभ मिलेगा। विरोधियो से समझोता होगा। प्रशासनिक सहयोग रहेगा। राजकीय दंड से राहत मिलेगी। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखी रहेगा।

शुभ : 04, 06, 10, 16, 18, 26, 31

अशुभ : 01, 08, 12, 14, 21, 23, 28,

**अगस्त:** भाई से विग्रह तथा सन्तान से वैचारिक मतभेद से नपुंसक क्रोध जन्मेगा। नेत्र तथा उदर रोगो से पीड़ा होगी। अपव्यय होगा, सुखोपभोग में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थय निर्बल रहेगा। मानसिक तथा शारीरिक कष्ट रहेगा। प्रयत्नो में असफलता से निराशा तथा खिन्नता रहेगी। आत्मविश्वास गिरेगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा।वरिष्ठो मित्रो तथा सहोदरो से विरोध होगा। 22 अगस्त से मिथ्या आरोपो से मुक्त होगे। किसी

VYAS PANCHANG

पद की प्राप्ति होगी। व्यवसायिक सफलता मिलेगी। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। सामाजिक कार्यो में समय देगे।

शुभ दिन : 02, 04, 07, 15, 17, 20, 22,27,

अशुभ दिन : 09, 11, 13, 25, 29

**सितम्बर :** वरिष्ठो एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य मिलेगा। सज्जनो के माध्यम से लाभ होगा। प्रतिष्ठितकार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। पदोन्नति का अवसर आयेगा। पारिवारिक सुख समृद्धि बढ़ेगी। उत्तम स्वास्थय का सुख मिलेगा। 18 सितम्बर से प्रत्येक कार्य में रुकावट तथा बाधाऐं बनती दिखाई पड़ेगी। तेज ज्वर से पीड़ा होगी। पारिवारिक जीवन में बाधा आयेगी। स्थान परिवर्तन होगा। चोट लगने का भय रहेगा। इस समय लोन लेने से बचे । सन्तान सुख में विलम्ब होगा। स्वास्थय निर्बल रहेगा। खानपान बिगड़ेगा।

शुभ दिन : 01, 03, 11, 14, 18, 30

अशुभ दिन : 05, 07, 09, 16, 21, 23, 26, 28,

**अक्तूबर:** मांगलिक उत्सव निरस्त होगा। मन खिन्न रहेगा। विवाद होगा। प्रतिष्ठा गिरेगी। विरोध रहेगा। रोग ग्रस्त होगे। धन हानि होगी। मास के अन्त में धनागम होगा। दाम्पत्य एवं पारिवारिक जीवन का सुख रहेगा। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। विचारशीलता गुण बनेगी। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। सम्मानित होगे। किसी नये भवन की प्राप्ति होगी। स्टार्टअप की दिशा में कार्य होगा।

शुभ दिन : 09, 11, 13, 16, 25, 27,

अशुभ दिन : 02, 04, 06, 18, 21, 23, 29

**नवम्बर :** निर्बलता और थकान से कार्यो पर सुचारु रुप से ध्यान नही दे पायेगे। अपमानजनक स्थिति बनेगी। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। आर्थिक स्थिति कमजोर बनेगी। 16 नवम्बर से पारिवारिक सम्बन्धो में सुधार होगा। सुदूर स्थान की यात्रा करेगे। स्थान लाभ होगा। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा वर्ग में उन्नति का अवसर आयेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। 22 नवम्बर से व्यवसाय एवं अन्य कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेम सम्बन्धो में सफलता मिलेगी। मित्रो तथा सहकर्मियो का सहयोग मिलेगा।

शुभ दिन : 05, 07, 10, 12, 17, 22, 24, 28

VYAS PANCHANG

अशुभ दिन : 01, 03, 15, 20, 26, 30

**दिसम्बर :** स्वास्थय बिगड़ेगा। शारीरिक अवस्था के अनुरुप रक्तचाप अथवा ह्रदय रोग की आशंका रहेगी। पारिवारिक उलझने बढ़ेगी। परिवार से दूर किसी सुदूर स्थान पर रहना होगा। सज्जनो, मित्रो तथा सम्बन्धियो से विग्रह होगा। कार्यो में बाधाये आयेगी। निरर्थक यात्राओ में थकावट से कष्ट रहेगा। किसी भी नगण्य बात पर उत्तेजित होगे। 22 दिसम्बर से सुखोपभोग की वस्तुओ का संग्रह होगा। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा. वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होगी।

शुभ दिन : 02, 04, 09, 12, 21, 23, 25,

अशुभ दिन : 07, 14, 17, 19, 27, 29

VYAS PANCHANG